दिल्ली पब्लिक स्कूल जम्मू

सत्र: 2024-25

अभ्यास कार्य पत्र (अक्टूबर)

कक्षा: तीसरी **विषय: हिंदी**

उपविषय: अपठित गद्यांश, व्याकरण: सर्वनाम

निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए

कुछ लोग देर तक टी॰वी॰ देखते हैं और खेल से दूर रहते हैं, उनके स्वभाव में चिड़चिड़ापन आ जाता है। लेकिन जो खेल-कूद और सैर करने की आदत डाल लेते हैं, उनके चेहरे पर हमेशा नूर और प्रसन्नता नज़र आती है। बड़े-बड़े डॉक्टर और वैज्ञानिक भी यह बात कहते हैं कि जो व्यक्ति रोज़ खेलते व सैर करते हैं, उन्हें कोई बीमारी नहीं हो सकती। जिस तरह पढ़ना हमारे लिए ज़रूरी है, उसी तरह खेलना भी हमारे लिए ज़रूरी है। क्योंकि सेहत अच्छी रहेगी, तभी हम कोई काम ठीक तरह से कर सकते हैं। कोई भी काम, शारीरिक हो या दिमागी, बिना अच्छी सेहत के हम ठीक तरह से नहीं कर सकते हैं।

प्र॰1) निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए-

क) बड़े-बड़े डॉक्टर और वैज्ञानिक क्या कहते हैं?

ख) पढ़ने के साथ-साथ और क्या ज़रूरी है?

प्र॰2) निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए -

क) प्रसन्नता- खुशी, दुख ,वृक्ष

ख) व्यक्ति- मित्र , मनुष्य, भाई

प्र०3) सही विकल्प चुनकर लिखिए-

क) जो व्यक्ति रोज़ खेलते व सैर करते हैं, उन्हें क्या नहीं हो सकती?

अ) परेशानी   ब) बीमारी   स) क्रोध

<u>व्याकरण</u>

प्र०4) निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखिए:-

क) वह कल विद्यालय जाएगा। ____________

ख) उसने अपना पाठ याद कर लिया है। __________

ग) मैंने मैच जीत लिया है।________

प्र०5) कोष्ठक में से सही सर्वनाम शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए।

क__________ सदा सच बोलना चाहिए। (हमें / अपना)

ख)___________ कल कहाँ गए थे? (वह / वे)